# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का अवलोकन किया

## गृह मंत्री ने वंदे मातरम पवेलियन और ऑपरेशन सिंदूर पवेलियन का भी दौरा किया

## पुस्तकें ज्ञान प्राप्त करने का सर्वोत्तम माध्यम, उम्र चाहे जो भी हो, पढ़ते रहना चाहिए

## बच्चों को ‘आनंद मठ’ की प्रतियां भेंट कीं ताकि उनके मन में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों की ज्योति जलाई जा सके

## ‘आनंद मठ’ ने लाखों भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम छेड़ने और ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए प्रेरित कर इतिहास रचा

## वंदे मातरम पवेलियन हमारे राष्ट्रीय गीत की गौरवशाली गाथा को प्रदर्शित कर रहा, जिसने स्वतंत्रता सेनानियों में औपनिवेशिक शासन को उखाड़ फेंकने की देशभक्ति की भावना जगाई थी

## गृह मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान पर बनी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया

## टुकड़ों-टुकड़ों में बँटे देश को एकीकृत कर एक भारत का निर्माण करने वाले सरदार साहब का 150वाँ जयंती वर्ष मनाकर मोदी सरकार उनके महान व्यक्तित्व व विशाल कृतित्व को नई पीढ़ी में अजर-अमर बना रही

## यह प्रदर्शनी युवाओं में देश की रक्षा व अखंडता के संकल्प को और भी मजबूत बनाएगी

## ‘ऑपरेशन सिंदूर’ प्रधानमंत्री मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, हमारी

# सशस्त्र सेनाओं की निर्णायक प्रहार क्षमता और सटीक खुफिया जानकारी से संचालित भारत की अजेय सैन्य शक्ति का प्रमाण

# 'ऑपरेशन सिंदूर' पवेलियन युवा पीढ़ी को देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है

# पढ़ने की आदत तेजी से कम होती जा रही; डिजिटल हो या प्रिंट, पुस्तकें अभी भी ज्ञान अर्जित करने का सबसे अच्छा तरीका

प्रविष्टि तिथि: 17 JAN 2026 10:48PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज भारत मंडपम में आयोजित नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का अवलोकन किया। गृह मंत्री ने वंदे मातरम पवेलियन और ऑपरेशन सिंदूर पवेलियन का भी दौरा किया। गृह मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान पर बनी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

X पर किए गए सिलसिलेवार पोस्ट्स में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा, "पुस्तकें ज्ञान प्राप्त करने का सर्वोत्तम माध्यम हैं, और उम्र चाहे जो भी हो, पढ़ते रहना चाहिए। पढ़ने की आदत तेजी से कम होती जा रही है, और मुझे विश्वास है कि डिजिटल हो या प्रिंट, पुस्तकें अभी भी ज्ञान अर्जित करने का सबसे अच्छा तरीका हैं। आज भारत मंडपम में आयोजित नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का अवलोकन किया।"

**Amit Shah**
@AmitShah · **Follow**

Books are the best medium to gain knowledge, and one should continue to read regardless of their age. The habit of reading is fast waning, and I believe that books, whether in digital or print, are still the best way to acquire knowledge.

Today, visited the New Delhi World Book Show more

9:17 PM · Jan 17, 2026

4.3K Reply Copy link

Read 205 replies

**Amit Shah**
@AmitShah · **Follow**

X

Joined several book lovers like me in the quest for knowledge at the New Delhi World Book Fair. Here are some pictures.

9:42 PM · Jan 17, 2026

2.1K Reply Copy link

Read 145 replies

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने बच्चों को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की 'आनंद मठ' की प्रतियां भी वितरित कीं। उन्होंने कहा, "बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित साहित्यिक कृति 'आनंद मठ' ने लाखों भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम छेड़ने और ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए प्रेरित कर इतिहास रचा। नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में बच्चों को 'आनंद मठ' की प्रतियां भेंट कीं ताकि उनके मन में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों की ज्योति जलाई जा सके।"

**Amit Shah**
@AmitShah · **Follow**

Anand Math, the literary classic authored by Bankim Chandra Chattopadhyay Ji, created history by inspiring millions of Indians to wage the freedom struggle and end British rule.

At the New Delhi World Book Fair, gifted copies of 'Anand Math' to children to light their minds with Show more

10:00 PM · Jan 17, 2026

3.6K Reply Copy link

Read 261 replies

श्री अमित शाह ने आगे कहा, “आज विश्व पुस्तक मेले में नेशनल बुक ट्रस्ट के वंदे मातरम पवेलियन का दौरा किया। जब राष्ट्र वंदे मातरम के 150 वर्ष मना रहा है, यह पवेलियन हमारे राष्ट्रीय गीत की गौरवशाली गाथा को प्रदर्शित कर रहा है, जिसने स्वतंत्रता सेनानियों में औपनिवेशिक शासन को उखाड़ फेंकने की देशभक्ति की भावना जगाई थी।”

**Amit Shah**
@AmitShah · **Follow**

Visited the National Book Trust's Vande Mataram Pavilion in the World Book Fair. As the nation celebrates the 150 years of Vande Mataram, the pavilion showcases the glorious saga of our national song, which stirred freedom fighters with the patriotic fervor to overthrow the Show more

9:49 PM · Jan 17, 2026

3K Reply Copy link

Read 229 replies

श्री अमित शाह ने पुस्तक मेले में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान पर बनी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा, "आज 'नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला' में सरदार साहब के जीवन और योगदान पर बनी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। टुकड़ों-टुकड़ों में बँटे देश को एकीकृत कर एक भारत का निर्माण करने वाले सरदार साहब का 150वाँ जयंती वर्ष मनाकर मोदी सरकार उनके महान व्यक्तित्व व विशाल कृतित्व को नई पीढ़ी में अजर-अमर बना रही है। यह प्रदर्शनी युवाओं में देश की रक्षा व अखंडता के संकल्प को और भी मजबूत बनाएगी।"

Amit Shah
@AmitShah · Follow

आज 'नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला' में सरदार साहब के जीवन और योगदान पर बनी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

टुकड़ों-टुकड़ों में बँटे देश को एकीकृत कर एक भारत का निर्माण करने वाले सरदार साहब का 150वाँ जयंती वर्ष मनाकर मोदी सरकार उनके महान व्यक्तित्व व विशाल कृतित्व को नई पीढ़ी में अजर-अमर Show more

10:18 PM · Jan 17, 2026

2.7K Reply Copy link

Read 120 replies

गृह मंत्री ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, हमारी सशस्त्र सेनाओं की निर्णायक प्रहार क्षमता और सटीक खुफिया जानकारी से संचालित भारत की अजेय सैन्य शक्ति का प्रमाण था। नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में 'ऑपरेशन सिंदूर' पवेलियन का दौरा किया। यह पवेलियन युवा पीढ़ी को देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है।"

Amit Shah
@AmitShah · Follow

Operation Sindoor was a testament to the invincible might of India's armed forces and PM Modi Ji's resolute political will.

Visited the 'Operation Sindoor' Pavilion at the World Book Fair.

10:35 PM · Jan 17, 2026

9.2K Reply Copy link

Read 287 replies

****

**RK/PR/PS**

(रिलीज़ आईडी: 2215744) आगंतुक पटल : 418
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Punjabi